# आयुक्त कार्यालय, मुंगेर प्रमंडल, मुंगेर।

(राजभाषा शाखा)

**कार्यालय आदेश**

निदेशक, मंत्रिमंडल सचिवालय (राजभाषा) विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–713/रा०, दिनांक–15.07.2026 द्वारा प्राप्त निदेश के आलोक में राजपत्रित/अराजपत्रित कोटि के पदाधिकारी/कर्मचारी के लिए हिन्दी टिप्पण एवं प्रारूपण परीक्षा तथा हिन्दी लिखने–पढ़ने की योग्यता परीक्षा–2026 का **आयोजन दिनांक–23.08.2026 (रविवार) को 11:00 बजे पूर्वाह्न से 01:00 बजे अपराह्न तक** किया जायेगा। उक्त आलोक में प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय, मुंगेर के पत्र प्राप्ति शाखा में आवेदन पत्र (विहित प्रपत्र में) **जमा करने की अन्तिम तिथि–28.07.2026 तक निर्धारित की गयी है।** निर्धारित अन्तिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा।

2. वैसे सरकारी पदाधिकारी/कर्मचारी, जिनको उक्त परीक्षा पास करना अनिवार्य है, वे परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए अपने कार्यालय के कार्यालय प्रधान द्वारा अपना आवेदन पत्र (विहित प्रपत्र में) अग्रसारित कराकर कार्यावधि में प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय, मुंगेर के पत्र प्राप्ति शाखा में जमा करेंगें। परीक्षा में शामिल होने वाले पदाधिकारी/कर्मी का आवेदन पत्र एवं प्रवेश पत्र पर हाल का पासपोर्ट साईज का फोटो, जो सम्बद्ध कार्यालय प्रधान द्वारा अभिप्रमाणित हो, निश्चित रूप से चिपका रहना चाहिए। पुराना अथवा धूमिल फोटो तथा अधूरा/अपूर्ण आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा।

ह0/–

आयुक्त के सचिव–सह–
प्रभारी उप निदेशक (राजभाषा),
मुंगेर प्रमंडल, मुंगेर।

**ज्ञापांकः–जी०–06–01/25....4274..../राजभाषा, दिनांकः–..20../..07../2026**

प्रतिलिपिः– सभी जिला पदाधिकारी/सभी पुलिस अधीक्षक (रेल जमालपुर सहित), मुंगेर प्रमंडल, मुंगेर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित। अनुरोध है कि अपने अधीनस्थ कार्यालय को अपने स्तर से संसूचित करने की कृपा की जाय।

20/7/26

आयुक्त के सचिव–सह–
प्रभारी उप निदेशक (राजभाषा),
मुंगेर प्रमंडल, मुंगेर।

Hindi-2025(1)